# प्रतिदर्श–पेपर 2025–26

## विषय–भूगोल (केवल प्रश्नपत्र)
## कक्षा–12

समयः 03 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांकः70

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।
निर्देशः–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(2) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय है।
(3) प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। (लगभग 20 शब्दों में)
(4) प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। (लगभग 50 शब्दों में)
(5) प्रश्न संख्या 23 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। (लगभग 150 से 200 शब्दों में)
(6) प्रश्न संख्या 25 से 26 तक मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न है।
(7) उपयुक्त रेखा, मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1. रूस में सामूहिक कृषि को कहा जाता है– 1

   (क) मिल्पा (ख) कोलखहोज
   (ग) झूम (घ) उपरोक्त सभी

2. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है? 1

   (क) जनसंख्या वृद्धि क्षेत्रफल से प्रभावित होती है।

   (ख) जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि=जन्म–मृत्यु+अप्रवास

   (ग) जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर में 10 गुणा करने पर दशकीय वृद्धि प्राप्त होती है।

   (घ) जनसंख्या वृद्धि प्रवास से प्रभावित होती है।

Visit CollegeDekho

3. पार–साइबेरियन रेलमार्ग इनमें से किस नगर से होकर नहीं गुजरता– 1

(क) सेंटपीटर्सबर्ग (ख) सिडनी

(ग) मास्को (घ) ब्लाडीवोस्टक

4. नीचे कथन और कारण दिया गया है। विचार कीजिए और सही उत्तर हेतु विकल्प का चयन कीजिए। 1

कथन–उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग में उच्च कुशलता एवं दक्षता वाले विशिष्ट व्यावसायिक श्रमिकों को नौकरी पर रखा जाता है।

कारण–उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग के प्रमुख उत्पाद–रोबोट,कम्प्यूटर आधारित डिजाइन एवं निर्माण, रसायन व औषधियाँ है।

उत्तर विकल्प–

(क) कथन सही है और कारण गलत है।

(ख) कथन एवं कारण दोनों गलत हैं।

(ग) कथन एवं कारण दोनों सही है किन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नही करता है।

(घ) कथन एवं कारण दोनों सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

5.निम्नलिखित में से कौन–सा एक समूह भारत का विशालतम भाषाई समूह है– 1

(क) चीनी–तिब्बती (ख) भारतीय–आर्य

(ग) ऑस्ट्रिक (घ) द्रविड़

6.इन्दिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में नहीं है– 1

(क) जैसलमेर (ख) कोटा

(ग) बीकानेर (घ) नागौर

7.निम्नलिखित में कौन–कौन से ऊर्जा के अनवीकरणीय स्त्रोत है– 1

Visit CollegeDekho

(क) जल (ख) सौर

(ग) ताप (घ) खनिज तेल

उत्तर विकल्प– 1. (क) एवं (घ) 2. (क) एवं (ग)

3. (ख) एवं (ग) 4. (ग) एवं (घ)

8.निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ग अपने पदानुक्रम के अनुसार क्रमबद्ध है? 1

(क) वृहन मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई

(ख) दिल्ली, वृहन मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता

(ग) कोलकाता, वृहन मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता

(घ) वृहन मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 20 शब्दों में)

9.अशोधित (अपरिष्कृत) जन्म दर का सूत्र लिखिये? 2

10. भूमध्य सागरीय कृषि के किन्ही चार क्षेत्रों के नाम लिखिए? 2

11.ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र में पुरूष प्रवास अधिक क्यों है? 2

12.फुटकर व्यापार सेवा को स्पष्ट कीजिए? 2

13.ताप–विद्युत और जल विद्युत में दो अन्तर लिखिए? 1+1

14.'सतत पोषणीयता' क्या है? 2

15.परिवहन किन क्रियाकलापों को अभिव्यक्त करता है? परिवहन के दो प्रमुख प्रकारों के नाम लिखिए? 1+1

16.भारत के पूर्वी तट पर अवस्थित दो पत्तनों का उल्लेख लिखिए? 2

## लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 50 शब्दों में)

17.रोपण कृषि की चार विशेषताएँ लिखिए? 1+1+1+1

18.डेरी कृषि का क्या महत्व है? विश्व में यह नगरीय और औद्योगिक केन्द्रों के निकट मुख्य रूप से क्यों की जाती है? कोई दो कारण 2+1+1

Visit CollegeDekho


लिखिए?

19.पार–कैनेडियन रेलमार्ग का चित्र बनाकर बीच के दो स्टेशनों का नाम लिखिए? 2+1+1

20.बंजर भूमि तथा कृषि योग्य व्यर्थ भूमि में चार अन्तर लिखिए? 1+1+1+1

21.यह कहा जाता है कि भारत में जल संसाधनों में तेजी से कमी आ रही है। जल संसाधन की कमी के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिए। 4

22.नीचे दिए गए रेखाचित्र का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए? 2+2




(क).किस वर्ष में निर्यात तथा आयात के बीच अन्तर न्यूनतम है? उस वर्ष में हमारे अन्तराष्ट्रीय व्यापार में कितना घाटा हुआ है?

(ख).किस वर्ष भारत का आयात सर्वाधिक रहा?

## <u>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग 150 से 200 शब्दों में)</u>

23.मानव विकास से क्या तात्पर्य है? मानव विकास का मापन कैसे किया जाता है? 3+3

अथवा

Visit CollegeDekho

पत्तन किस प्रकार व्यापार के लिए सहायक होते है? पत्तनों का वर्गीकरण उनकी अव्यवस्थिति के आधार पर कीजिए? 3+3

24.भारत के नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण कीजिए तथा प्रत्येक प्रकार को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये? 2+4

अथवा

भारत के परिवहन के प्रमुख साधन कौन–कौन से है? इनके विकास को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। 2+4

25.दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए?

1.पश्चिमी से पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली एक नदी। ½ + ½

2.स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग पर स्थित एक महानगर। ½ + ½

3.उत्तर रेलवे का मुख्यालय। ½ + ½

4.उत्तर भारत का एक तेल शोधक केन्द्र। ½ + ½

5.दक्षिणी भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर। ½ + ½

केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर–

1.पश्चिम से पूर्व के ओर प्रवाहित होने वाली एक नदी का नाम लिखिए। 1

2.स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग पर स्थित एक महानगर का नाम लिखिए। 1

3.उत्तर रेलवे के मुख्यालय का नाम लिखिए। 1

4.उत्तर भारत के एक तेल शोधक केन्द्र का नाम लिखिए। 1

5.दक्षिणी भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले नगर का नाम लिखिए। 1

Visit CollegeDekho

26.दिये गये संसार के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उपर्युक्त चिन्ह एवं नाम सहित दर्शाइये–

1.जंनाकिकीय संक्रमण की तीसरी अवस्था वाला एक देश नाम एवं चिन्ह सहित। ½ + ½

2.उस देश का नाम लिखिये जिसने सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता को देश की प्रगति का अधिकारिक माप घोषित किया है। ½ + ½

3.आदिकालीन निर्वाह–कृषि का एक क्षेत्र, नाम एवं चिह्न सहित। ½ + ½

4.केप–काहिरा रेलमार्ग के बीच का एक स्टेशन नाम एवं चिह्न सहित। ½ + ½

5.एशिया के एक हवाई पत्तन नाम एवं चिह्न सहित। ½ + ½

<u>केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर–</u>

1.जनांकिकीय संक्रमण की तीसरी अवस्था वाले एक देश का नाम लिखिए। 1

2.उस देश का नाम लिखिए जिसने सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता को देश की प्रगति का आधिकारिक माप घोषित किया है। 1

3.आदिकालीन निर्वाह–कृषि के एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

4.केप–काहिरा रेलमार्ग के बीच के एक स्टेशन का नाम लिखिए। 1

5.एशिया के एक हवाई पत्तन का नाम लिखिए। 1

Visit CollegeDekho

Visit CollegeDekho